सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

परीक्षा–कार्यालय ज्ञाप

शास्त्री (प्रथम, तृतीय, चतुर्थ सेमेस्टर) व आचार्य (प्रथम, तृतीय, सेमेस्टर) के परीक्षावेदनपत्र पूरित करने हेतु

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय(परिसर)/विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के शास्त्री प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2024–27), शास्त्री तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2023–26), शास्त्री चतुर्थ सेमेस्टर (सत्र 2022–25), आचार्य प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2024–26) एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2023–25) के संस्थागत परीक्षार्थियों एवं विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक व्यक्तिगत परीक्षार्थियों , बैक/श्रेणी सुधार परीक्षार्थियों तथा भूतपूर्व व एकल विषयक परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके सेमेस्टर परीक्षा हेतु ऑनलाइन परीक्षावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों तथा महाविद्यालयों के लिये सभी आवश्यक निर्देश तथा परीक्षावेदन पत्र विश्वविद्यालय की ऑनलाइन वेबसाइट www.ssvvonline.in पर अधोलिखित कार्यक्रमानुसार उपलब्ध होंगे। अतः अभ्यर्थी तथा सभी सम्बद्ध महाविद्यालय ऑनलाइन परीक्षावेदन पत्र भरने से पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभॉति पढ़ लें तथा वर्णित नियमानुसार प्रविष्टियों का चयन करें।

सभी सम्बद्ध महाविद्यालय प्रवेशित छात्रों के परीक्षावेदनपत्र दिनांक 10.12.2024 से दिनांक 2512.2024 तक ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के द्वारा शुल्क जमा कराकर पूरित कर लें। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों की नामावली मुद्रण एवं पूरित परीक्षावेदनपत्रों को प्रमाणित करते हुए संलग्नकों, नामावली के साथ विश्वविद्यालय में जमा/प्रेषित करने की अन्तिम तिथि 28.12.2024 निर्धारित है।

नोट– 1– **विश्वविद्यालय परिसर के संस्थागत परीक्षावेदन पत्रों हेतु तिथियाँ पृथक से घोषित की जायेगी।**
2– **विश्वविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालयों के व्यक्तिगत/बैक/श्रेणी सुधार तथा भूतपूर्व परीक्षावेदन पत्र भी उक्त तिथियों के अन्तर्गत ही परीक्षावेदन पत्र पूरित किए जायेगें।**
3– **किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु संगणक केन्द्र स्थित हेल्प–डेस्क से सम्पर्क किया जा सकता है।**

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

पत्रांक– प.नि6434/2024 दिनांकः 10/12/24

१०/१२/२४
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1 कुलपति के सचिव को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2 आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3 प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को को इस आशय से कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार व्यवस्था सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
4 सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि इस सूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराते हूए कार्यदायी संस्था, विश्वविद्यालय तथा इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक) मे समन्वय स्थापित कराते हूए कार्य पूर्ण कराने हेतु।
5 उपकुलसचिव (परीक्षा)।
6 सम्पादक दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा को आशय से कि छात्रहित मे उक्त सूचना को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7 शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक), सं.सं.वि.वि. वाराणसी को इस आशय से कि देश के सभी शाखाओं में निर्धारित कार्यक्रमानुसार परीक्षा शुल्क जमा कराने की व्यवस्था कराने का कष्ट करें।
8 सम्बद्ध पत्रावली।

१०/१२/२४
परीक्षा नियंत्रक